# ACCOUNTANCY

# लेखांकन

## ( Principles and Practice of Financial Accounting )

## ( वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार )

## (320)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

www.cbseportal.com

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** Give the meaning of Trial Balance. 1

तलपट का अर्थ बताइए।

**2.** Define 'goodwill'. 1

ख्याति की परिभाषा दीजिए।

**3.** What is meant by 'undersubscription of shares'? 1

अंशों के अल्प-अभिदान का क्या अर्थ है?

**4.** A Journal entry contains one debit and one credit. Can there be an entry which contains two debits and one credit? When is such entry made? Give an example. 2

एक रोज़नामचा प्रविष्टि में एक नाम का और एक जमा का खाता होता है। क्या एक प्रविष्टि ऐसी हो सकती है, जिसमें दो नाम खाते और एक जमा खाता हो? ऐसी प्रविष्टि कब बनाई जाती है? कोई एक उदाहरण दीजिए।

Download From: http://cbseportal.com

**5.** "Accounting equation remains intact under all circumstances." Justify the statement with the help of an example. 2

"लेखा समीकरण सभी परिस्थितियों में बना रहता है।" उदाहरण देकर इस कथन को उचित ठहराइए।

**6.** Explain, in brief, the basic requirements of computerised accounting system. 2

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की आधारभूत आवश्यकताओं को संक्षेप में समझाइए।

**7.** What is meant by 'capital expenditure'? Give any *two* examples of capital expenditure. 2

पूँजीगत व्यय का क्या अर्थ है? पूँजीगत व्यय के कोई **दो** उदाहरण दीजिए।

**8.** Differentiate between Receipts & Payments Account and Income & Expenditure Account on the basis of—

*(a)* Nature;

*(b)* Opening Balance. 2

प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा आय एवं व्यय खाता में निम्न के आधार पर अन्तर बताइए :

(क) प्रकृति

(ख) प्रारम्भिक शेष

**9.** Maya and Nirmal are partners in a firm, but there is no partnership deed. Following are the claims made by Maya which are not acceptable to Nirmal :

*(i)* Maya wants a salary of Rs 5,000 per month as she devotes full time to the business

*(ii)* She wants interest @ 18% p.a. on the loan she has given to the firm

How will you deal with them? Give reasons in support of your answer. 2

माया एवं निर्मल एक फर्म में साझेदार हैं, लेकिन फर्म का कोई साझेदारी संलेख नहीं है। नीचे माया द्वारा किए गये दावे दिये गये हैं जो निर्मल को स्वीकार नहीं है:

*(i)* माया व्यवसाय में पूरा समय लगाती है, इसलिए उसकी 5,000 रु० प्रति माह वेतन की माँग है

*(ii)* उसके द्वारा फर्म को दिए गये ऋण पर वह 18% वार्षिक से ब्याज चाहती है

आप इनका किस प्रकार से समाधान करेंगे? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

Download From: http://cbseportal.com

**10.** State the meaning of 'Accounting Cost Concept'. Give any *two* points of its significance. 4

'लेखांकन लागत अवधारणा' का अर्थ बताइए। किन्हीं **दो** बिन्दुओं को लेकर इसके महत्त्व का उल्लेख कीजिए।

**11.** State *two* advantages and *two* disadvantages of 'Accrual Basis of Accounting'. 4

'उपार्जन आधारित लेखांकन' के **दो** लाभ एवं **दो** हानियों का उल्लेख कीजिए।

**12.** Prepare a Bank Column Cash Book from the following particulars : 4

| *Date* 2011 | | *Details* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|
| January | 1 | Cash in hand | 1,800 |
| | | Cash at bank | 3,650 |
| " | 8 | Received cheque from Kamal and paid into the bank on the same day | 18,000 |
| " | 12 | Paid to Nidan by cheque | 12,000 |
| " | 18 | Cash sales | 15,000 |
| " | 22 | Cash deposited in the bank | 12,000 |
| " | 28 | Withdrew cash from bank for personal use | 4,200 |

निम्नलिखित विवरणों से बैंक स्तम्भीय रोकड़ बही बनाइए :

| *तिथि* 2011 | | *विवरण* | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 1 | हस्तस्थ रोकड़ | 1,800 |
| | | बैंक में रोकड़ | 3,650 |
| " | 8 | कमल से चैक प्राप्त हुआ जिसे उसी दिन बैंक में जमा करा दिया गया | 18,000 |
| " | 12 | निदान को चैक द्वारा भुगतान किया | 12,000 |
| " | 18 | नकद बिक्री | 15,000 |
| " | 22 | बैंक में रोकड़ जमा की | 12,000 |
| " | 28 | निजी उपयोग हेतु बैंक से राशि निकाली | 4,200 |

www.cbseportal.com

Download From: http://cbseportal.com

**13.** R. B. Traders maintains special Journals as well as Journal Proper. Out of the transactions given below, which will be recorded in Journal Proper? Record those transactions in the Journal Proper. 4

*(i)* Purchased furniture from M/s. Decorators—Rs 7,800

*(ii)* Paid salary for the month—Rs 12,000

*(iii)* Depreciation charged on Machinery—Rs 3,200

*(iv)* Paid to Rajesh, a creditor, by cheque—Rs 6,400

*(v)* Goods withdrawn by proprietor for personal use—Rs 4,000

*(vi)* Not recovered from Sudhir, a debtor—Rs 1,600

आर॰ बी॰ ट्रेडर्स विशिष्ट रोज़नामचा एवं मुख्य रोज़नामचा रखते हैं। नीचे दिए गये लेनदेनों में से कौन-से लेनदेनों का अभिलेखन मुख्य रोज़नामचा में किया जायेगा? उन लेनदेनों का मुख्य रोज़नामचा में अभिलेखन कीजिए :

*(i)* मै॰ डेकोरेटर्स से फर्नीचर खरीदा—7,800 रु॰

*(ii)* माह के वेतन का भुगतान किया—12,000 रु॰

*(iii)* मशीनों पर अवक्षयण लगाया—3,200 रु॰

*(iv)* लेनदार राजेश को चैक द्वारा भुगतान किया—6,400 रु॰

*(v)* व्यवसाय के स्वामी ने निजी उपयोग के लिए माल लिया—4,000 रु॰

*(vi)* देनदार सुधीर से वसूली नहीं हो सकी—1,600 रु॰

**14.** Make necessary Journal entries to rectify the following errors : 4

*(i)* Purchases Book is overcast by Rs 1,000

*(ii)* Goods purchased on credit for Rs 8,000 from Rinkoo was entered in the Sales Book

*(iii)* Furniture purchased from M/s. Furniture House for Rs 12,800 was entered in the Purchases Book

निम्न लेखांकन अशुद्धियों के शोधन की रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* क्रय बही का योग 1,000 रु॰ अधिक लगाया गया

*(ii)* रिंकू से 8,000 रु॰ का माल उधार खरीदा जिसकी विक्रय बही में प्रविष्टि की गई

*(iii)* 12,800 रु॰ का मै॰ फर्नीचर हॉउस से फर्नीचर खरीदा जिसको क्रय बही में लिख दिया गया

Download From: http://cbseportal.com

**15.** How will you show the following in the Income and Expenditure Account for the year ended on 31st March, 2011? 4

| | Rs |
|---|---|
| Rent paid during 2010–2011 | 8,000 |
| Rent due in 2010-2011 | 800 |
| Rent paid in 2009–2010 for 2010-2011 | 1,200 |
| Rent due of 2009-2010 paid in 2010-2011 | 1,000 |
| Advance rent paid in 2010-2011 for 2011-2012 | 1,600 |

निम्नलिखित को आप 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाते में किस प्रकार से दर्शाएँगे ?

| | रु० |
|---|---|
| 2010–2011 में किराए का भुगतान किया | 8,000 |
| 2010-2011 में अदत्त किराया | 800 |
| 2009–2010 में 2010-2011 के लिए किराए का भुगतान | 1,200 |
| 2009–2010 के अदत्त किराए का 2010-2011 में भुगतान | 1,000 |
| 2010-2011 में 2011-2012 के लिए किराए का अग्रिम भुगतान | 1,600 |

**16.** Write any *four* amounts to be credited to deceased partner's Capital Account to ascertain the amount payable to his/her legal representatives. 4

मृतक साझेदार के कानूनी उत्तराधिकारियों को देय राशि का निर्धारण करने के लिए उसके पूँजी खाते के जमा में दिखाई जानेवाली किन्हीं **चार** राशियों को लिखिए।

**17.** Apex Ltd. forfeited 800 shares of Rs 10 each, issued at a premium of Rs 5 per share. The holder of these shares has paid Rs 4 per share as application money. He has not paid the allotment money of Rs 8 per share (including premium) and call money of Rs 3 per share. Out of 800 forfeited shares, 600 shares were reissued for Rs 6,400.

Make necessary Journal entries in the books of the company. 4

एपैक्स लि० ने 10 रु० प्रति के 5 रु० प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित 800 अंशों को जब्त कर लिया। इन अंशों के धारक ने 4 रु० प्रति अंश से आवेदन राशि का भुगतान किया था। उसने 8 रु० प्रति अंश (जिसमें प्रीमियम सम्मिलित है) आबंटन राशि एवं 3 रु० प्रति अंश याचना राशि का भुगतान नहीं किया।

जब्त किये गये इन 800 अंशों में से 600 अंशों का 6,400 रु० में पुनः निर्गमन कर दिया गया।

कम्पनी की लेखा पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

www.cbseportal.com
Download From: http://cbseportal.com

**18.** The Bank Pass Book of M/s. S. M. and Sons showed a debit balance of Rs 24,800 on 30th June, 2010. While comparing the bank-related transactions of the firm in its Cash Book with Bank Pass Book the following differences were found :

*(i)* Cheques of Rs 18,000 were issued by the firm by the end of June, 2010, of which cheques of Rs 7,600 were presented in July, 2010

*(ii)* Cheques amounting to Rs 21,800 were paid into bank in the last week of the month but cheques of Rs 12,500 only were collected and credited

*(iii)* A customer had deposited Rs 14,200 directly in the bank account of the firm but was not debited in the Cash Book

*(iv)* The bank has paid Rs 4,000 as insurance premium, but is not recorded in the Cash book

*(v)* There appears items of Rs 450 as interest charged by the bank and Rs 360 as bank charges

Prepare Bank Reconciliation Statement as on 30th June, 2010. 6

मै० एस० एम० ऐण्ड सन्स की बैंक पास बुक द्वारा 30 जून, 2010 को 24,800 रु० का नाम शेष दर्शाया गया है। फर्म की रोकड़ बही में बैंक से सम्बन्धित अभिलिखित लेनदेनों का पास बुक से मिलान करने पर निम्नलिखित अन्तर पाये गये :

*(i)* फर्म द्वारा 18,000 रु० के चैक जून, 2010 के अन्त में जारी किये गये थे, जिनमें से 7,600 रु० के चैक जुलाई, 2010 में भुगतान के लिए प्रस्तुत किये गये

*(ii)* 21,800 रु० के चैक महीने के अन्तिम सप्ताह में बैंक में जमा किये गये, लेकिन केवल 12,500 रु० के चैकों की ही वसूली हुई और जमा किये गये

*(iii)* एक ग्राहक ने 14,200 रु० की राशि फर्म के बैंक खाते में सीधे ही जमा करा दी, जिसको रोकड़ बही में नाम में अभी नहीं लिखा गया

*(iv)* बैंक ने 4,000 रु० के बीमा प्रीमियम का भुगतान किया, जिसका रोकड़ बही में अभिलेखन नहीं किया गया

*(v)* 450 रु० बैंक द्वारा ब्याज के तथा 360 रु० बैंक व्यय के लगाए गए हैं

30 जून, 2010 को बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए।

Download From: http://cbseportal.com

**19.** On 01.01.2007 M/s. Health Care Pharmaceuticals Ltd. issued 1000, 10% Debentures of Rs 1,000 each at a discount of 9%. The debentures were redeemable in yearly instalments of Rs 2,00,000 starting from the end of the first year.

Prepare the statement showing amount of discount on issue of debentures to be written off each year and prepare Discount on Issue of Debenture Account for the years 2007, 2008 and 2009. 6

मै० हेल्थ केयर फार्मास्यूटिकल्स लि० ने 01.01.2007 को 1000, 10% ऋणपत्र 1,000 रु० प्रति ऋणपत्र 9% के बट्टे पर जारी किये। ऋणपत्रों का शोधन प्रथम वर्ष के अन्त से प्रारम्भ 2,00,000 रु० की वार्षिक किश्तों में होना था।

विवरण तैयार कीजिए जिसमें प्रति वर्ष अपलिखित की जानेवाली ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे की राशि दर्शाई गई हो तथा वर्ष 2007, 2008 एवं 2009 का ऋणपत्र निर्गमन पर बट्टा खाता बनाइए।

**20.** M/s. M. B. Telecom Ltd. offered to public for subscription 50000 shares of Rs 100 each at a premium of Rs 20 per share. The amount was payable as follows :

On Application—Rs 25 per share

On Allotment—Rs 70 per share (including Rs 20 as premium)

On Call—Rs 25 per share

Applications were received for 75000 shares. Shares were allotted to the applicants on pro rata basis. Rohit Bhai, who was allotted 500 shares, did not pay the allotment money. On his subsequent failure to pay the call money, his shares were forfeited. Remaining call money was duly received.

Make Journal entries for the above transactions in the books of the company. 6

मै० एम० बी० टेलीकॉम लि० ने 100 रु० प्रति अंश के 50000 अंश 20 रु० प्रति अंश प्रीमियम पर जनसाधारण को अभिदान हेतु प्रस्तावित किये। जिन पर भुगतान इस प्रकार किया जाना था :

आवेदन पर—25 रु० प्रति अंश

आबंटन पर—70 रु० प्रति अंश (20 रु० प्रीमियम सहित)

याचना पर—25 रु० प्रति अंश

75000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। आवेदकों को अंशों का आबंटन आनुपातिक आधार पर किया गया। रोहित भाई, जिसको 500 अंश आबंटित किये गये थे, ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया। उसके पश्चात् याचना राशि के भुगतान न करने पर उसके अंशों को जब्त कर लिया गया। शेष सभी याचना राशि यथायोग्य प्राप्त हुई।

उपरोक्त लेनदेनों की कम्पनी की लेखा पुस्तकों में रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

Download From: http://cbseportal.com

**21.** From the following Trial Balance and additional information of M/s. Vikram Brothers, prepare Trading and Profit & Loss Account for the year ended on 31st March, 2011 and the Balance Sheet as on that date : 10

*Trial Balance as on 31.03.2011*

| *Particulars* | *Dr. Balances* Rs | *Cr. Balances* Rs |
|---|---|---|
| Stock (01.04.2010) | 18,000 | — |
| Purchases and Sales | 1,20,000 | 1,98,000 |
| Capital | — | 80,000 |
| Drawings | 18,000 | — |
| Wages | 8,000 | — |
| Salary | 24,000 | — |
| Insurance | 6,800 | — |
| Discount Received | — | 800 |
| Interest on Loan | 2,000 | — |
| Bad Debts | 700 | — |
| Cash | 12,000 | — |
| Carriage Outward | 1,500 | — |
| Plant & Machinery | 42,000 | — |
| Land & Building | 65,000 | — |
| Loan from Bank (10% p.a.) | — | 40,000 |
| Debtors and Creditors | 26,000 | 25,200 |
| | 3,44,000 | 3,44,000 |

*Additional Information* :

*(i)* Stock on 31.03.2011—Rs 24,800

*(ii)* Machinery to be depreciated @ 10% p.a. and Building @ 2% p.a.

*(iii)* Wages outstanding amounted to Rs 600 and Salary outstanding is Rs 2,000

*(iv)* Provision is to be made on Debtors @ 5% for Doubtful Debts

*(v)* Bank Loan was taken on 01.04.2010

Download From: http://cbseportal.com

**OR**

Following is the Receipts and Payments Account of Super Sports Club for the year ending on 31.03.2011 :

*Receipts and Payments Account*
*as on 31.03.2011*

| *Receipts* | *Amount* Rs | *Payments* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|
| Cash Balance b/d | 3,200 | Refreshment | 4,500 |
| Entrance Fees | 800 | Rent of Ground | 6,000 |
| Subscriptions | 14,000 | Wages | 2,400 |
| Donations | 9,000 | Telephone Charges | 1,200 |
| Life Membership Fees | 2,500 | Fees paid to Coaches | 6,800 |
| Interest | 240 | Miscellaneous Expenses | 2,400 |
| Profit from Entertainment | 2,800 | Fixed Deposit (@ 10% p.a. on 01.10.2010) | 8,000 |
| | | Balance c/d | 1,240 |
| | 32,540 | | 32,540 |

At the beginning of the year, the club possessed Books of Rs 5,000 and Furniture of Rs 2,500

Subscription in arrears at the beginning of the year was Rs 1,800 and at the end of the year was Rs 1,200

Rent of Rs 1,000 was due at the end of the year

Provide Depreciation of Rs 100 on Books and Rs 250 on Furniture

Prepare Income and Expenditure Account of the club for the year ended on 31.03.2011 and the Balance Sheet as on that date.

www.cbseportal.com

Download From: http://cbseportal.com

मैं० विक्रम ब्रदर्स के नीचे दिये गये तलपट एवं अतिरिक्त सूचना से 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार खाता एवं लाभ-हानि खाता बनाइए तथा उसी तिथि को स्थिति विवरण बनाइए :

| *विवरण* | *जमा शेष* रु० | *नाम शेष* रु० |
|---|---|---|
| स्टॉक (01.04.2010) | 18,000 | — |
| क्रय एवं विक्रय | 1,20,000 | 1,98,000 |
| पूँजी | — | 80,000 |
| आहरण | 18,000 | — |
| मजदूरी | 8,000 | — |
| वेतन | 24,000 | — |
| बीमा | 6,800 | — |
| बट्टा प्राप्त | — | 800 |
| ऋण पर ब्याज | 2,000 | — |
| डूबत ऋण | 700 | — |
| रोकड़ | 12,000 | — |
| बाह्य भाड़ा | 1,500 | — |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 42,000 | — |
| भूमि एवं भवन | 65,000 | — |
| बैंक ऋण (10% p.a.) | — | 40,000 |
| देनदार एवं लेनदार | 26,000 | 25,200 |
| | 3,44,000 | 3,44,000 |

*अतिरिक्त सूचना* :

*(i)* 31.03.2011 को स्टॉक 24,800 रु० है

*(ii)* मशीनरी पर 10% वार्षिक एवं भवन पर 2% वार्षिक की दर से अवक्षयण लगाना है

*(iii)* अदत्त मजदूरी 600 रु० तथा अदत्त वेतन 2,000 रु० है

*(iv)* देनदारों पर 5% से संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करना है

*(v)* बैंक से ऋण 01.04.2010 को लिया गया था

Download From: http://cbseportal.com

**अथवा**

नीचे सुपर स्पोर्ट्स क्लब का 31.03.2011 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता दिया गया है :

*सुपर स्पोर्ट्स क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता*
*31.03.2011 को*

| *प्राप्तियाँ* | *राशि* रु० | *भुगतान* | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|
| रोकड़ शेष b/d | 3,200 | जलपान | 4,500 |
| प्रवेश-शुल्क | 800 | ग्राउन्ड का किराया | 6,000 |
| चंदा | 14,000 | मजदूरी | 2,400 |
| दान | 9,000 | टेलीफोन व्यय | 1,200 |
| आजीवन सदस्यता-शुल्क | 2,500 | प्रशिक्षकों की फीस | 6,800 |
| ब्याज | 240 | विभिन्न व्यय | 2,400 |
| मनोरंजन से लाभ | 2,800 | सावधि जमा (10% वार्षिक से 01.10.2010) | 8,000 |
| | | शेष c/d | 1,240 |
| | 32,540 | | 32,540 |

क्लब के पास वर्ष के प्रारम्भ में 5,000 रु० की पुस्तकें एवं 2,500 रु० का फर्नीचर था

वर्ष के प्रारम्भ में अदत्त चंदा 1,800 रु० तथा वर्ष के अन्त में 1,200 रु० था

वर्ष के अन्त में 1,000 रु० किराए का देय था

पुस्तकों पर 100 रु० तथा फर्नीचर पर 250 रु० अवक्षयण लगाइए

31.03.2011 को समाप्त वर्ष के लिए क्लब का आय एवं व्यय खाता बनाइए तथा उसी तिथि को स्थिति-विवरण बनाइए।

www.cbseportal.com

Download From: http://cbseportal.com

**22.** Gunakshi and Apoorva are partners of a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. On 31st March, 2011 their Balance Sheet was as follows : 10

*Balance Sheet of Gunakshi and Apoorva*
*as on 31.03.2011*

| *Liabilities* | *Amount* Rs | *Assets* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|
| Capital : | | Bank | 10,000 |
| Gunakshi | 80,000 | Sundry Debtors | 45,000 |
| Apoorva | 64,000 | Stock | 35,000 |
| Sundry Creditors | 31,000 | Machinery | 40,000 |
| Reserve | 32,000 | Building | 45,000 |
| | | Goodwill | 32,000 |
| | 2,07,000 | | 2,07,000 |

On that date they admitted Bhoomika as a partner on the following terms :

*(i)* Bhoomika brings Rs 40,000 as her Capital and Rs 12,000 for Goodwill for $\frac{1}{4}$ share of profit in the firm

*(ii)* Stock is valued at Rs 40,000

*(iii)* Prepaid Insurance is Rs 1,000

*(iv)* Building is appreciated by 12% and Machinery is depreciated by 12%

*(v)* A provision for Doubtful Debts is made on Debtors at 4%

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and Balance Sheet of the new firm. 10

www.cbseportal.com

Download From: http://cbseportal.com

**OR**

Sania and Sayana are equal partners in a firm. On 31st March, 2011, their Balance Sheet was as under :

*Balance Sheet of Sania and Sayana*
*as on 31.03.2011*

| *Liabilities* | | *Amount* Rs | *Assets* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 54,000 | Cash at Bank | 22,000 |
| Reserve Fund | | 20,000 | Sundry Debtors | 24,000 |
| Loan | | 60,000 | Stock | 54,000 |
| Capital : | | | Furniture | 40,000 |
| Sania | 80,000 | | Plant | 74,000 |
| Sayana | 80,000 | 1,60,000 | Land | 80,000 |
| | | 2,94,000 | | 2,94,000 |

On that date partners decided to dissolve the partnership. Assets were realised as follows :

Land—Rs 1,20,000
Furniture—Rs 20,000
Stock—Rs 42,000
Plant—Rs 44,000
Debtors at 10% less
The creditors were settled at Rs 50,000 and were paid
Loan was paid in full
Expenses of realisation amounted to Rs 6,000

Prepare Realisation Account, Partners' Capital Accounts and Bank Account to close the books of the firm.

www.cbseportal.com

Download From: http://cbseportal.com

गुणाक्षी और अपूर्वा एक फर्म में साझेदार हैं और लाभ-हानि का बँटवारा 5 : 3 के अनुपात में करती हैं। 31 मार्च, 2011 को उनका स्थिति-विवरण इस प्रकार था :

*गुणाक्षी और अपूर्वा का स्थिति-विवरण*
*31 मार्च, 2011 को*

| *देयताएँ* | *राशि* रु० | *परिसम्पत्तियाँ* | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | बैंक | 10,000 |
| गुणाक्षी | 80,000 | विभिन्न देनदार | 45,000 |
| अपूर्वा | 64,000 | स्टॉक | 35,000 |
| विभिन्न लेनदार | 31,000 | मशीनरी | 40,000 |
| संचय | 32,000 | भवन | 45,000 |
| | | ख्याति | 32,000 |
| | 2,07,000 | | 2,07,000 |

इस तिथि को उन्होंने भूमिका को निम्न शर्तों पर एक साझी के रूप में प्रवेश दिया :

*(i)* भूमिका 40,000 रु० पूँजी के तथा 12,000 रु० फर्म के लाभ में $\frac{1}{4}$ हिस्सेदारी के लिए ख्याति के लाई

*(ii)* स्टॉक का मूल्य 40,000 रु० आँका गया

*(iii)* पूर्वदत्त बीमा 1,000 रु० है

*(iv)* भवन के मूल्य में 12% की बढ़ोतरी की गई तथा मशीनरी पर 12% का अवक्षयण लगाया गया

*(v)* देनदारों पर 4% से संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करना है

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के खाते तथा नए फर्म का स्थिति-विवरण बनाइए।

Download From: http://cbseportal.com

**अथवा**

सानिया और सायना एक फर्म में बराबर की साझेदार हैं। 31 मार्च, 2011 को उनका स्थिति-विवरण निम्न था :

*सानिया और सायना का स्थिति-विवरण*
*31 मार्च, 2011 को*

| *देयताएँ* | | *राशि* रु० | *परिसम्पत्तियाँ* | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|---|
| विभिन्न लेनदार | | 54,000 | बैंक में रोकड़ | 22,000 |
| संचय कोष | | 20,000 | विभिन्न देनदार | 24,000 |
| ऋण | | 60,000 | स्टॉक | 54,000 |
| पूँजी : | | | फर्नीचर | 40,000 |
| सानिया | 80,000 | | संयंत्र | 74,000 |
| सायना | 80,000 | 1,60,000 | भूमि | 80,000 |
| | | 2,94,000 | | 2,94,000 |

इस तिथि को साझेदारों ने साझेदारी के समापन का निर्णय लिया। परिसम्पत्तियों से निम्न राशि प्राप्त हुई :

भूमि—1,20,000 रु०
फर्नीचर—20,000 रु०
स्टॉक—42,000 रु०
संयंत्र—44,000 रु०
देनदार 10% कम पर
लेनदारों को 50,000 रु० देकर हिसाब चुकता किया
ऋण का पूरा भुगतान किया गया
वसूली व्यय—6,000 रु० थे

फर्म के खातों को बन्द करने के लिए वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा बैंक खाता बनाइए।

www.cbseportal.com

Download From: http://cbseportal.com

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

**( Analysis of Financial Statements )**

**( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण )**

**23.** Why is 'management' interested in the analysis of financial statements? 1

'प्रबन्धक' वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में रुचि क्यों रखते हैं?

**24.** What is meant by 'solvency of a business concern'? Name the solvency ratios. 2

एक व्यावसायिक इकाई की शोधन-क्षमता का क्या अर्थ है? शोधन-क्षमता अनुपातों के नाम दीजिए।

**25.** Name any *four* tools of financial statement analysis. 2

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की किन्हीं **चार** पद्धतियों के नाम दीजिए।

**26.** From the following information, calculate the amount of Opening Stock and Closing Stock : 4

Sales during the year—Rs 2,00,000
Gross Profit on Sales—50%
Stock Turnover Ratio—4 times
Closing Stock—Rs 10,000 more than the Opening Stock

नीचे दी गई सूचना से प्रारम्भिक स्टॉक एवं अन्तिम स्टॉक की गणना कीजिए :

वर्ष में बिक्री—2,00,000 रु०
बिक्री पर सकल लाभ—50%
स्टॉक आवर्त अनुपात—4 गुना
अन्तिम स्टॉक, प्रारम्भिक स्टॉक से 10,000 रु० अधिक है

Download From: http://cbseportal.com

**27.** From the following Balance Sheets of Environment-friendly Housing Ltd. as on 31.03.2010 and 31.03.2011, prepare Cash Flow Statement : 6

*Balance Sheets of Environment-friendly Housing Ltd.*
*as on 31.03.2010 and 31.03.2011*

| *Liabilities* | *31.03.2010* Rs | *31.03.2011* Rs | *Assets* | *31.03.2010* Rs | *31.03.2011* Rs |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capital | 2,50,000 | 3,50,000 | Machinery | 2,50,000 | 3,50,000 |
| 10% Debentures | 3,00,000 | 2,00,000 | Goodwill | 1,50,000 | 1,00,000 |
| Accumulated Profits | 1,50,000 | 2,50,000 | Stock | 2,50,000 | 3,00,000 |
| Creditors | 3,00,000 | 4,50,000 | Debtors | 2,00,000 | 3,00,000 |
| | | | Cash at Bank | 1,50,000 | 2,00,000 |
| | 10,00,000 | 12,50,000 | | 10,00,000 | 12,50,000 |

*Additional Information* :

Depreciation on Machinery amounted to Rs 30,000

एन्वायरॉनमेंट फ्रैंड्ली हाउसिंग लि० के 31.03.2010 एवं 31.03.2011 के नीचे दिये गये स्थिति-विवरणों से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

*एन्वायरॉनमेंट फ्रैंड्ली हाउसिंग लि० का स्थिति-विवरण*
*31.03.2010 तथा 31.03.2011 को*

| *देयताएँ* | *31.03.2010* रु० | *31.03.2011* रु० | *परिसम्पत्तियाँ* | *31.03.2010* रु० | *31.03.2011* रु० |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 2,50,000 | 3,50,000 | मशीनरी | 2,50,000 | 3,50,000 |
| 10% ऋणपत्र | 3,00,000 | 2,00,000 | ख्याति | 1,50,000 | 1,00,000 |
| संचित लाभ | 1,50,000 | 2,50,000 | स्टॉक | 2,50,000 | 3,00,000 |
| लेनदार | 3,00,000 | 4,50,000 | देनदार | 2,00,000 | 3,00,000 |
| | | | बैंक में रोकड़ | 1,50,000 | 2,00,000 |
| | 10,00,000 | 12,50,000 | | 10,00,000 | 12,50,000 |

*अतिरिक्त सूचना* :

मशीनरी पर अवक्षयण की राशि 30,000 रु० थी

www.cbseportal.com
Download From: http://cbseportal.com

OPTION–II

विकल्प–II

## ( Elementary Cost Accounting )

## ( प्रारम्भिक लागत लेखांकन )

**23.** Distinguish between Cost Accounting and Financial Accounting on the basis of 'objective'. 1

'उद्देश्य' के आधार पर लागत लेखांकन एवं वित्तीय लेखांकन में अन्तर बताइए।

**24.** Name any *four* components of Total Cost. 2

कुल लागत के किन्हीं **चार** तत्त्वों के नाम दीजिए।

**25.** State any *two* limitations of Cost Accounting. 2

लागत लेखांकन की किन्हीं **दो** सीमाओं का उल्लेख कीजिए।

**26.** From the following information in respect of Material No. ST 30, calculate—

*(a)* Reorder level;

*(b)* Maximum stock level. 4

Normal Consumption—400 units per week
Maximum Consumption—600 units per week
Minimum Consumption—200 units per week
Reorder Period—6 to 8 weeks
Reorder Quantity—200 units

सामग्री सं० ST 30 से सम्बन्धित निम्न सूचना से—

(क) पुनः आदेश स्तर;

(ख) अधिकतम स्टॉक स्तर;

की गणना कीजिए।

सामान्य उपभोग—400 इकाइयाँ प्रति सप्ताह
अधिकतम उपभोग—600 इकाइयाँ प्रति सप्ताह
न्यूनतम उपभोग—200 इकाइयाँ प्रति सप्ताह
पुनः आदेश अवधि—6 से 8 सप्ताह
पुनः आदेश मात्रा—200 इकाइयाँ

Download From: http://cbseportal.com

**27.** From the following information, prepare Cost Sheet for the period ended on 31st March, 2011 6

Opening Stock of Raw Material—Rs 18,500
Purchase of Raw Material—Rs 1,94,000
Closing Stock of Raw Material—12,500
Direct Wages—Rs 72,000
Direct Expenses—18,000
Factory Overheads—100% of Direct Wages
Office and Administrative Overheads—20% of Works' Cost
Selling and Distribution Overheads—Rs 40,000
Profit on Cost—25%

[Note : There were no Opening or Closing Stock of Finished Goods]

निम्न सूचना से 31 मार्च, 2011 को समाप्त अवधि के लिए लागत विवरण तैयार कीजिए :

कच्ची सामग्री का आरम्भिक स्टॉक—18,500 रु०
कच्ची सामग्री का क्रय—1,94,000 रु०
कच्ची सामग्री का अंतिम स्टॉक—12,500 रु०
प्रत्यक्ष मजदूरी—72,000 रु०
प्रत्यक्ष व्यय—18,000 रु०
कारखाना उपरिव्यय प्रत्यक्ष मजदूरी का 100%
कार्यालय एवं प्रशासन उपरिव्यय कार्य लागत का 20%
विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय—40,000 रु०
लागत पर लाभ—25%

[ नोट : तैयार माल का कोई आरम्भिक स्टॉक अथवा अन्तिम स्टॉक नहीं था ]

★ ★ ★

www.cbseportal.com

Download From: http://cbseportal.com